प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 30.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

– नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए आज रात थम जाएगा प्रचार—परसों एक जून को होगा मतदान।

2— छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना के पहले चरण का आज अंतिम दिन है।

3— हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आज राजधानी में पत्रकारिता गौरव मार्तण्ड उत्सव का आयोजन किया गया।

और

4— प्रदेश में कोरबा, अंबिकापुर, गौरेला—पेण्ड्रा सहित अनेक स्थानों में मौसम में आया बदलाव—तेज हवा के साथ हुई बारिश।

...........

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

प्रदेश में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम और उपचुनाव के तहत एक जून को मतदान होगा। इन चुनावों के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। आज रात बारह बजे से प्रचार थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर संपर्क करेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों में कुल दो सौ चालीस और त्रिस्तरीय पंचायतों में कुल तीन सौ बयानवे अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंच के छह सौ चालीस पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया था। इस तरह से एक जून को एक सौ सात पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। वहीं, सरपंच के पंद्रह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ हैं शेष चौंतीस पदों पर मतदान होगा। इसी तरह, जनपद सदस्य के दस पदों के लिए एक जून को मतदान होगा। नगरीय निकाय चुनाव के तहत पार्षद के कुल इकहत्तर और अध्यक्ष पद के पांच स्थानों के लिए मतदान होगा।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईव्हीएम के माध्यम से और पंचायत चुनाव के लिए मतपेटी के माध्यम से मत डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## जनगणना–अंतिम दिन

छत्तीसगढ़ में चल रही जनगणना के पहले चरण का आज अंतिम दिन है। एक मई से शुरू हुई जनगणना के पहले चरण का बयानवे प्रतिशत से ज्यादा

काम पूरा हो चुका है। प्रदेश में जनगणना के लिए अड़तालीस हजार सात सौ बयालीस ब्लॉक बनाए गए थे। हर ब्लॉक में औसतन एक सौ पैंसठ मकान शामिल हैं। इसी आधार पर प्रदेश में अस्सी लाख से अधिक मकानों का आंकड़ा सामने आया है। इन मकानों का पूरा विवरण पहली बार डिजिटल रूप में सरकारी रिकॉर्ड का हिस्सा बन रहा है। आज अंतिम दिन, शेष बचे घरों तक जाकर प्रगणकों ने आंकड़े अपडेट किए।

जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष एक फरवरी से शुरू होगा।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। वर्ष अट्ठारह सौ छब्बीस में आज ही के दिन हिंदी भाषा का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ था।

हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आज राजधानी रायपुर में पत्रकारिता गौरव मार्तण्ड उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक आलोचना केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि प्रशासन और सरकार को भी आत्ममंथन तथा बेहतर कार्य की दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता ने राष्ट्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम को वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर के.जी. सुरेश ने भी संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना–राशि

राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रदेश के सभी जिलों को दो हजार छह सौ सतहत्तर करोड़ रुपए से अधिक की केंद्रीय और राज्यांश राशि जारी की है। यह राशि एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के माध्यम से जिलों को आवंटित की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्य में हर दिन सोलह सौ से अधिक पक्के आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

## केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री–भिलाई

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि यदि किसानों को खाद की कमी है और इस संबंध में शिकायत मिलती है, तो केन्द्र सरकार इस कमी को दूर करने का हरसंभव प्रयास करेगी। आज भिलाई प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि

टिकाऊ कृषि के लिए प्राकृतिक खेती एक बेहतर विकल्प है। केन्द्र सरकार इसे बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

श्री ठाकुर ने कहा कि जिन राज्यों ने अभी तक कृषि रोडमैप तैयार नहीं किया है, वहां इसे प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाना चाहिए। इससे कृषि क्षेत्र के कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा।

## सीबीएसई–पोर्टल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कहा है कि उसका पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल सोमवार एक जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन का सर्वोच्च मानदंड स्थापित होगा।

## गुरू अर्जन देव–शहीदी दिवस

सिक्ख धर्म के पांचवें श्री गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरूद्वारों में शबद–कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही राहगीरों को भीषण गर्मी में शरबत पिलाकर गुरू के बलिदान का स्मरण किया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहादत दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## तीजन बाई–स्वास्थ्य

प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें हाल ही में एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

तीजन बाई के अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दूरभाष पर तीजन बाई के परिजनों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य शासन तीजन बाई की चिकित्सा और आवश्यक सहायता के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''सारंगढ़–बिलाईगढ़''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

प्रदेश में अंबिकापुर, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही और कोंडागांव सहित कुछ जिलों में आज तेज हवा और अंधड़ के साथ बारिश होने के समाचार मिले हैं। कोरबा जिले के पोड़ी–उपरोड़ा विकासखंड में ओलावृष्टि भी हुई है। वहीं, कई स्थानों पर पेड़ और खंभे भी गिर गए हैं, जिसके कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

वहीं, कोंडागांव जिले में भी तेज आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। चिपावंड गांव में दो दर्जन से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा लखनपुरी, बड़े सिलाटी और बड़ेकनेरा में भी कुछ मकानों को नुकसान पहुंचने की खबर है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी के कारण प्रदेश के मौसम में बदलाव हो रहा है। अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी होगी।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप में ...

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में वीडियों क्रॉफेसिंग के जरिये गरियाबंद जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने पर जोर दिया।

– राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम के अधिकारियों और कर्मचारियों को छह लाख रुपये का निःशुल्क लाइफ टर्म इंश्योरेंस कवर मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू करने की अनुमति दी है।

– मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कृष्ट योजना के तहत चालू शैक्षणिक सत्र में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए छब्बीस जुलाई को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में इन दिनों राष्ट्रीय आम महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में देशभर की दो सौ पचास से

अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए हैं। यह महोत्सव कल रविवार तक चलेगा।

— जषपुर के खारीबहार गांव में कृषि विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई कर अवैध उर्वरक भंडारण का खुलासा किया है। जांच के दौरान एक मकान से तीन सौ बयालीस बोरी ऑर्गेनिक उर्वरक बरामद किया गया है।

— जांजगीर—चांपा जिले के चाम्पा और पिसौद में कृषि विभाग ने खाद दुकानों से दो हजार छह सौ बोरी से अधिक खाद जब्त कर इन दुकानों को सील कर दिया है।

और

— जांजगीर—चांपा जिले में कोयला में मिलावट कर हेराफेरी करने वाले तीन ड्राइवरों को गिरफ्तार कर इनके पास से एक सौ पंद्रह टन कोयला जब्त किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>